हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

11 कबड्डी में रोहतक के खिलाड़ियों का पहला स्थान

12 पठानिया स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया


## खबर संक्षेप



### विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए

**सांपला।** राजकीय सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में बुधवार को नशे के खिलाफ प्रतियोगिता कराई गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने की। उन्होंने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी और परिवार व अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। संचालन एंटी ड्रग्स सेल की संयोजिका डॉक्टर रश्मि ने किया। निबंध में प्रतिमा प्रथम पायल द्वितीय कोमल तीसरे नंबर पर रही। स्लोगन राइटिंग में चंचल प्रथम, भावना द्वितीय, तमन्ना तीसरे स्थान पर रही।

### मदवि ने कई परीक्षा परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने मई 2025 में आयोजित बीसीए दूसरे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर रेगुलर, बीएससी होम साइंस दूसरे सेमेस्टर रेगुलर, एम.कॉम सीडीओई जुलाई एडमिशन साइकल के दूसरे व चौथे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर, एम.कॉम सीडीओई जनवरी व जुलाई साइकल के तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एम.कॉम सीडीओई जनवरी साइकल के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर और बीएड एडिशनल प्रथम व दूसरे वर्ष/सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया है।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि हाल प्रेम नगर निवासी मनोज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 14 जुलाई को मनोज अपने किसी कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया हुआ था। मनोज ने अपनी मोटरसाइकिल को राम शर्मा पार्क के बाहर खडी कर चला गया। वापिस आने पर मनोज को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

### बिजली पेंशनर्स की बैठक 12 सितम्बर को

**रोहतक।** हरियाणा बिजली पैंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन हैड ऑफिस रोहतक की मासिक बैठक शुक्रवार 12 सितम्बर को सीनियर सिटिजन क्लब, मानसरोवर पार्क में सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। यूनिट सचिव सुरेन्द्र चावला ने बताया कि बैठक में मुद्दों पर विमर्श किया जाएगा।

### शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बाबा सूखा शाह ने बताया कि आज का रक्त दान शिविर मे मुख्य अतिथि समाजसेवी कृष्ण छाबड़ा एवं डॉ रवि रंगा रहे। बाड़सा एम्स हॉस्पिटल ब्लड बैंक द्वारा 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संत बाबा सूखा शाह ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस दौरान सुभाष गोगिया, श्वेता, डाक्टर चमत्कार, अजय उप्पल, डाक्टर लतेश, डाक्टर राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# 6 साल में फसल बीमित किसानों की संख्या में 81 प्रतिशत की गिरावट

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

फसल बीमा योजना को लेकर कई साल से उसके लाभ के लगातार ढिंढोरे पीटे जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरित है। अगर स्कीम लाभकारी होती तो किसान इससे हाथ नहीं खींचते। किसान संगठनों का कहना है कि केवल बीमा कंपनियां स्कीम से चांदी कूट रही हैं। खरीफ 2019 में रोहतक जिले में 20260 किसानों ने अपनी फसलों का बीमा करवाया। लेकिन बीमित किसानों की संख्या खरीफ 2024 आते-आते 3884 तक जा सिमटी है। यानी के क्रॉप इंश्योरेंस करवाने वाले के किसानों की संख्या में 81 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई है। ऐसे में कोई भी ये सहज ही अनुमान लगा सकता है कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए हितकारी नहीं है। किसानों के इर्द-गिर्द बीमा कंपनियों ने ऐसा जाल बुन दिया है कि फसल में बेशक 100 प्रतिशत नुकसान भी क्यों न हो जाए। लेकिन बीमा कंपनी उसके एवज में किसान को पांच सात हजार रुपये प्रति एकड़ का ही क्लेम देती है। ये राशि भी कोई सहज ही किसान को नहीं दी जाती है। बल्कि इसके लिए किसानों को इधर-उधर बीमा कंपनी/कृषि विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं।

### पहले स्वतः बीमा कर दिया जाता था

*जब संशोधित फसल बीमा योजना लागू की थी तो उस समय बीमित किसानों की संख्या काफी अधिक थी। इसका कारण था कि जिस भी किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती की है, उसकी फसल का स्वतः ही बीमा कर दिया जाता है। जब इसको लेकर विवाद होने शुरू हुए तो सरकार ने तय किया कि ये किसान की मर्जी होगी वह अपनी फसल का बीमा करवाए या नहीं। कई साल तक विवाद होता रहा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी बताते हैं कि हरियाणा में फसल बीमा योजना में किसानों को बीमित राशि के निर्धारण में भ्रम, दावों के भुगतान में देरी, बीमा राशि की पर्याप्तता और फसल कटाई के आंकड़ों को दर्ज करने में आने वाली तकनीकी बाधाओं जैसी दिक्कतें हैं। किसानों को अक्सर बीमित राशि के बारे में स्पष्टता नहीं होती।*



### ये हैं सरकारी आंकड़े

| खरीफ साल | बीमा करवाया |
|---|---|
| 2019 | 20260 |
| 2020 | 23684 |
| 2021 | 14521 |
| 2022 | 11589 |
| 2023 | 3000 |
| 2024 | 3884 |

### दावे और भुगतान में देरी होना एक बड़ी समस्या

*दावा भुगतान में देरी एक बड़ी समस्या है। इस देरी को कम करने के लिए स्मार्ट फोन और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसके प्रभावी होने में भी समय लग रहा है। दावा भुगतान में देरी एक बड़ी समस्या है। इस देरी को कम करने के लिए स्मार्ट फ़ोन और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसके प्रभावी होने में भी समय लग रहा है। कई किसानों को बीमा के पंजीकरण, प्रीमियम गणना, और बीमा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की पूरी जानकारी नहीं होती, जिससे उन्हें पूरे लाभ से वंचित रहना पड़ता है।*

### धान स्कीम से बाहर

*खरीफ में किसानों की संख्या में कमी होने का सबसे बड़ा कारण है कि धान को कुछ साल पहले ही स्कीम से बाहर कर दिया। बीमा कंपनियां कहती हैं कि धान पानी की फसल है। जबकि रोहतक जैसे सेमग्रस्त जिले में धान पानी की वजह से ही खत्म होता है। इस साल अत्याधिक बरसात हुई तो हजारों एकड़ में धान खत्म हो गई।*

### सुनवाई नहीं होती



वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीमा कंपनियों ने हरियाणा से सैकड़ों करोड़ रुपये कमा लिए। फसल बीमा का लाभ किसानों की बजाय बीमा कंपनियों को मिल रहा है। भरपाई करते हुए कंपनियां अपनी मनमर्जी करती हैं। किसानों की कहीं भी सुनवाई नहीं होती है। सरकार ने तय किया है कि एक एकड़ गेहूं खराब हो जाता है तो बीमा कंपनी ने किसान को 27 हजार रुपये की भरपाई करनी होगी। जबकि कंपनी मुश्किल से सात-आठ हजार रुपये ही देती है। ***-सुमित दलाल, महा सचिव, किसान सभा हरियाणा***

## मंगलवार की रात वारदात, पुलिस जांच में जुटी

# लेनदेन को लेकर खिड़वाली में दो पक्षों में झगड़ा, दिल्ली के युवक की हत्या

- दोनों पक्षों में करीब 15 से 20 लाख का लेनदेन है, जिसे लेकर कई बार विवाद हो चुका
- जान गंवाने वाला युवक दीपक मूल रूप से किलोई का रहने वाला है और उसका परिवार दिल्ली में रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खिड़वाली में मंगलवार की रात दो पक्षों में घमासान हो गया। आरोप है कि रोहट से आए युवकों ने गांव में परिवार पर हमला किया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें यहां आए दो युवक घायल हो गए। घायलों को पीजीआई भर्ती कराया गया, जहां एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों में करीब 15 से 20 लाख का लेनदेन है, जिसे लेकर कई बार विवाद हो चुका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, देर रात उस समय आपसी विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब दिल्ली निवासी 35 वर्षीय दीपक की हत्या कर दी गई। दीपक मूल रूप से किलोई का रहने वाला है और उसका परिवार दिल्ली में रहता है। रोहट निवासी विकास गांव खिड़वाली में अपने फूफा जोगेंद्र के आया था, जहां अचानक स्थिति बिगड़ गई और मामूली झगड़ा जानलेवा बन गया। अभी तक की जांच पड़ताल में पता चला है कि विकास अपने रिश्तेदार से करीब 15 से 20 लाख के लेन-देन का हिसाब करने आया था। दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। इस दौरान आरोपियों ने विकास और उसके साथ आए दीपक पर हमला कर दिया, जिससे दोनों से घायल हो गए। घायलों को पीजीआईएमएस ले जाया गया, जहां दीपक को मृत घोषित कर दिया।

### गांव में तनाव का माहौल



घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। विकास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी आरोपी पक्ष के साथ पैसों को लेकर कहासुनी चल रही थी। वह दिल्ली से खासतौर पर इस मसले को निपटाने गांव आया था, लेकिन बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने विकास और दीपक पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं और मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं।

### छापेमारी कर रहे

प्राथमिक जांच में पैसों का विवाद सामने आया है। दो युवकों से मारपीट की गई है। जिनमें दीपक की मौत हो गई है। आरोपियों की पहचान हो चुकी है, वे फरार है। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं। जल्द ही आरोपियों गिरफ्तार कर लिया जाएगा। *-सुरेंद्र कुमार, सदर थाना प्रभारी*

# नगर निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, विधायक के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार और संघ के बीच हुई वार्ता में मानी गई मांगों को पूरा करवाने के लिए हरियाणा के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया के तहत बुधवार को नगर निगम परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन शम्भू टांक इकाई प्रधान की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार लगातार टालमटोल कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना था कि सरकार और संघ के बीच समझौते के बावजूद कई बिंदुओं पर अभी तक अमल नहीं किया गया है। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने विधायक भारत भूषण बत्रा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में राकेश चावरिया, राजपाल टांक, शंकर टांक, रोहित गिल, रविराज, अमित पिवाल, भीम चावरिया, आजाद दरोगा, राजकुमार टांक, बलबीर दरोगा, रूपबसन्त दरोगा, सुभाष चावरिया, राजू दरोगा, राजकुमार राजे, सीताराम दरोगा, कंवल राणा मौजूद रहे।



**रोहतक।** विधायक के कार्यालय में ज्ञापन सौंपते नगर निगम कर्मचारी।

### एमडीयू में पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरित और स्वच्छ परिसर के निर्माण की दिशा में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेंद्र बंसल और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने केसर आम का पौधा लगाया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह मानव जीवन की स्थायी ऊर्जा और स्वास्थ्य का आधार है। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

## महम शहर में लगे कूड़े के ढेर नपा लेखाकार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



कस्बा महम के वार्ड एक में हिसार बाईपास क्षेत्र में जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कूड़ा डालने वाले लोग मनमाने तरीके से जहां चाहें वहीं कचरा फेंक देते हैं।

इसके लिए न तो नगर पालिका प्रशासन ने कोई जगह चिन्हित कर रखी है। कूड़ा उठाने की मांग को लेकर शहर के कुछ लोग नगर पालिका सचिव नवीन नांदल को ज्ञापन देने के लिए नपा कार्यालय पहुंचे। उनकी गैर माजूदगी में शहरवासियों ने नगर पालिका के लेखाकार विनोद शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नपा प्रशासन को चाहिए कि वह कूड़ा डालने के लिए उचित स्थान तय करे और उसी जगह पर लोगों को कचरा डालने के लिए बाध्य करे। वर्तमान में कचरे के ढेर बदबू फैलाने के साथ-साथ बीमारियों को भी न्योता दे रहे हैं। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए और कूड़ा फेंकने वालों पर सख्ती बरती जाए।

## 17.2 एकड़ में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों में की गई तोड़-फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रोहतक नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान जारी है। इस अभियान के तहत रोहतक में लगभग 17.2 एकड़ में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों में 2 नींव, 2 निर्माण, इंटरलॉक टाइल रोड़ नेटवर्क एवं सीवरेज पाइप लाइन को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। डीसी ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योकि इस तरह की कार्यवाही समय-समय पर अमल में लाई जाएगी।



## रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने पंजाब भेजी राहत सामग्री



**रोहतक।** रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने पंजाब में पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरा एक ट्रक रवाना किया। क्लब चेयरमेन डॉ. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि समाज सेवा मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। परियोजना अध्यक्ष सुरेश भुटानी ने कहा हमारा उद्देश्य मदद करना है और जरूरत पड़ने पर और राहत सामग्री भी भेजी जाएगी। क्लब फॅसिलिटेटर मुकेश टक्कर ने कहा कि जरूरत पड़ने पर हमारे क्लब के वॉलेंटियर्स भी पंजाब जाकर लोगों की मदद करने को तैयार हैं। क्लब प्रधान ने सुमित ने कहा कि दवाइयां और कंबल इत्यादि भी भिजवाने की व्यवस्था करेंगे। इस मौके पर डॉ अंजू आहूजा, डॉ अमोद आहुजा, संजीव बजाज, गीतांजलि बजाज, दीपित भुटानी, दिव्या भुटानी, अन्नु भुटानी, नीरू टक्कर, प्रीति चुघ, पुलकित जैन, सुशील पंवार, अमित कादयान, सचिन बंसल, डॉ तरुण गुलाटी, विमंपी गुलाटी, अक्षित आहुजा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## पंचकूला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे महम के नेता

# बड़ौली बोले- महम विधानसभा में दीपक हुड्डा की चलेगी

- ***कई नेता मनोनित पार्षदों की नियुक्ति को पार्टी का गलत निर्णय करार दे रहे***
- ***कई बार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर अपनी आपत्ति भी दर्ज करवा चुके हैं***
- ***प्रदेश अध्यक्ष ने कहा - भले ही वे चुनाव हार गए थे, लेकिन पार्टी के लिए वे सबसे ऊपर हैं***

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम



मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में दो चार हलके ऐसे हैं, जिन के नेताओं और कार्यकर्ताओं को कानाफूसी से ही फुर्सत नहीं है। वे विकास कार्यों में कम और आपसी टांग खिंचाई में ज्यादा विश्वास रखते हैं। मोहन लाल बड़ौली ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नसीहत दी है कि पार्टी कोई भी फैसला करती है तो बहुत ही सोच समझकर करती है। जो नेता या कार्यकर्ता पार्टी के फैसलों पर ही सवाल उठाना शुरू कर देते हैं, ऐसे नेता और कार्यकर्ता पार्टी से ऊपर नहीं हैं। ऐसे लोगों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने की जरूरत है। गत दिवस प्रदेश भर के कई नेता और कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए पंचकूला पंचकमल कार्यालय में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विस चुनाव में महम से दीपक हुड्डा उनकी पार्टी के उम्मीदवार थे। हार जीत अलग विषय है, लेकिन पार्टी ने सोच समझकर निर्णय लिया है।

### पार्टी के निर्णय पर कोई आपत्ति नहीं

बड़ौली ने कहा कि महम में उनके हिसाब से ही काम होगा। महम में दो मनोनित पार्षद बनाए गए हैं, उसमें दीपक हुड्डा की नहीं चलेगी तो किसकी चलेगी। पार्टी जो भी फैसला करती है नेताओं और कार्यकर्ताओं को उन फैसलों पर फूल चढ़ाने चाहिएं। अपनी ही पार्टी के निर्णय पर सवाल उठाना गलत है। इसका मतलब है कि हम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठा रहे हैं। महम के कई नेता मनोनित पार्षदों की नियुक्ति को पार्टी का गलत निर्णय करार दे रहे हैं। ऐसे में ये नेता कई बार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर अपनी आपत्ति भी दर्ज करवा चुके हैं। लेकिन मोहन लाल बड़ौली का कहना है कि पार्टी के निर्णय पर कोई आपत्ति नहीं होती।

### चुनाव के बाद से ही चल रही वर्चस्व की लड़ाई

विधानसभा चुनाव के बाद से ही महम के भाजपा नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। कई स्थानीय नेता मिलकर पार्टी प्रत्याशी रहे दीपक हुड्डा को साइड करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। वहीं दीपक हुड्डा भी इन नेताओं की हाजरी न लगाकर अपने तरीके से ही काम कर रहे हैं। हालांकि ग्राउंड पर इन स्थानीय नेताओं की पकड़ ज्यादा है। इन लोकल नेताओं का कहना है कि दीपक तो बाहरी नेता है, वह यहां से चला जाएगा। जबकि वे उनके बीच रहेंगे। लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने स्पष्ट कर दिया है कि महम में दीपक हुड्डा को दरकिनार नहीं किया जा सकता। भले ही वे चुनाव हार गए थे, लेकिन पार्टी के लिए वे सबसे ऊपर हैं।

## गढ़ी मोहल्ले से तस्कर गिरफ्तार किया, 14.46 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा को नशामुक्त बनाने की दिशा में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लगातार सख़्त कदम उठा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत रोहतक यूनिट को बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो की टीम ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गढ़ी मोहल्ला से शहर की ओर जाने वाली गली में यादव होटल के पास से एक नशा तस्कर को दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 14.46 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान सलेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र निवासी गढ़ी मोहल्ला के रूप में हुई है। बरामद की गई मात्रा एनडीपीएस अधिनियम के अनुसार माध्यमिक श्रेणी में आती है। कार्रवई रोहतक यूनिट प्रभारी निरीक्षक राकेश ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के नेतृत्व तथा उप पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह के निर्देशन में की गई। नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त के दौरान उप-निरीक्षक जयवीर व उनकी टीम शहर रोहतक थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसार रोड के पास मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गढ़ी मोहल्ला का एक युवक हेरोइन लेकर रोहतक शहर में सप्लाई करने जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत नाका लगाया और संदिग्ध को काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई।




डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे भूख हमेशा फील हो थकान



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ दिनों से किसी काम में मन नहीं लगता, हमेशा थकान फील करता हूं। भूख भी नहीं लगती। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अंकित, रायपुर**

सबसे पहले आप अपना ब्लड टेस्ट कराएं। कई बार खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी देखी जाती है। अगर वह नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि भूख नहीं लग रही और कमजोरी भी लग रही है। इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं। बगैर जांच कराए, कारण जाने कुछ भी सुझाव देना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ समय पहले मुझे चिकनगुनिया हुआ था। ईलाज के बाद भी मुझे कमजोरी महसूस होती है, बोंस में दर्द होता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सर्वेश, बिलासपुर**

चिकनगुनिया ठीक होने के बाद कुछ लोगों में जल्दी दर्द ठीक हो जाता है लेकिन कुछ को लंबे समय तक हड्डियों में दर्द बना रहता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रॉपर डाइट लेने से ही सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलेंगे और दर्द में राहत मिलेगी। फिलहाल परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। अकसर मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। फिर अपने-आप ही ठीक हो जाता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, रोहतक**

आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम तो नहीं है? यह आपने चेक कराया है या नहीं, क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए बगैर देर किए पहले आप शुगर की जांच कराएं। अगर जांच रिपोर्ट नॉर्मल है तो आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, वो कुछ जांच कराएंगे, जिससे स्वेलिंग का कारण पता चलेगा। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे सिर में दर्द होने लगता है। कभी माथे पर कभी आधे सिर मे तो कभी पूरे सिर में। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विकास, भोपाल**

कई बार यह दर्द गैस की वजह से भी होता है, लेकिन इस समय युवाओं में माइग्रेन भी सिर दर्द की एक वजह बन रही है। इसलिए आप इस बात पर गौर करें कि सिर दर्द कब शुरू होता है? मसलन भूख लगने पर, धूप निकलने पर या अन्य कोई खास वजह से। अगर उन वजहों से बच सकें तो बेहतर है। ऐसा नहीं हो पा रहा तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह वजह जानकर इलाज करेंगे।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम और खांसी होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-चंद्रकांत, जबलपुर**

बारिश के मौसम में इस तरह की समस्याएं कई लोगों में देखी जाती हैं। जब मौसम चेंज होता है तो सर्दी-जुकाम हो जाता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी होगी। विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल अधिक खाने चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि इस मौसम में फ्रिज में रखी हुई कोई भी ठंडी चीज ना खाएं। ठंडी चीजें भी सर्दी-जुकाम की वजह बन सकती हैं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. सोनिया लाल गुप्ता
सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर-मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
दिल्ली-एनसीआर

वर्टिगो की समस्या के बारे में लोग कम ही जानते हैं, इसलिए इसके लक्षणों को अक्सर इग्नोर करते रहते हैं। लेकिन ऐसा करना सीरियस कंडीशन पैदा कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप इसके कारणों, लक्षणों, परीक्षण, उपचार और इससे उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में जान लें। यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# वर्टिगोः सही नहीं इग्नोर करना



वर्टिगो अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है सिर चकराना। वर्टिगो शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'वर्टो' से हुई है, जिसका आशय है-घूमना। वस्तुतः वर्टिगो एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है कि उसके या फिर उसके आस-पास की वस्तुएं घूम रही हैं। आमतौर पर वर्टिगो की समस्या में व्यक्ति को चक्कर आते हैं, लेकिन यह सिर्फ चक्कर आने से ज्यादा है और किसी बीमारी के बजाय कई शारीरिक समस्याओं का लक्षण भी हो सकता है क्योंकि चक्कर आने के अनेक कारण हो सकते हैं।

वैसे वर्टिगो की समस्या में चक्कर आने का एक प्रमुख कारण कान के आंतरिक भाग में किसी समस्या की मौजूदगी है। जैसे मेनिएर्स रोग कान के आंतरिक भाग से संबंधित है, जो चक्कर आना (वर्टिगो), कानों में विशेष ध्वनि (टिनिटस) की समस्या, सुनने की क्षमता में कमी और कान में दबाव की समस्या जैसे लक्षणों का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के प्रकार

वर्टिगो दो प्रकार का हो सकता है।

**पेरिफेरल वर्टिगोः** यह वर्टिगो का सबसे आम प्रकार है। जब कान के अंदरूनी भाग, विशेषकर वेस्टिबुलर नर्व या तंत्रिका में किसी तरह की समस्या होती है, तब व्यक्ति को पेरिफेरल वर्टिगो का सामना करना पड़ता है। वेस्टिबुलर नर्व शरीर को संतुलित बनाए रखने का काम करती है।

**सेंट्रल वर्टिगोः** मस्तिष्क में किसी भी तरह की समस्या जैसे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, सिर पर गंभीर चोट लगना, माइग्रेन, इंफेक्शन आदि से भी सेंट्रल वर्टिगो की समस्या संभव है।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

**चक्कर आनाः** चक्कर आना वर्टिगो का सबसे प्रमुख लक्षण है। इसके साथ ही अन्य लक्षण भी सामने आ सकते हैं।



**टिनिटसः** टिनिटस का मतलब है कानों में ध्वनि की एक विशेष अनुभूति, जिसका कोई बाहरी स्रोत नहीं होता। टिनिटस में, व्यक्ति को ऐसी आवाजें सुनाई देती हैं, जिन्हें कोई और नहीं सुन सकता। ये आवाजें बजने, क्लिक करने, गुनगुनाने या भागने से संबंधित ध्वनियों की हो सकती हैं।

- एक या दोनों कानों से सुनाई न देना।
- शरीर का संतुलन बिगड़ना।
- बार-बार जी मिचलाना।
- सिरदर्द होना या सिर में भारीपन।
- मितली या वॉमिट होना।
- दृष्टि का धुंधलापन।
- आंखों के आगे अंधेरा छा जाना।
- तेज आवाज से सिरदर्द।
- गिरने का अहसास होते रहना।
- ज्यादा पसीना आना।
- ऐसा महसूस होना कि आप हिल रहे हैं जबकि आप वास्तव में हिल नहीं रहे।

उपरोक्त लक्षण कुछ सेकेंड से लेकर कुछ मिनट तक और कई घंटे तक बने रह सकते हैं।

## वर्टिगो के कारण

कान के आंतरिक भाग की समस्याएं वर्टिगो का प्रमुख कारण बनती हैं। अन्य कारणों में सिर हिलाने-डुलाने पर चक्कर आना, जिसे मेडिकल शब्दावली में बेनाइन पैरॉक्सिस्मल पोजिशनल वर्टिगो (बीपीपीवी), लैबीरिन्थाइटिस और मेनिएर्स डिजीज सरीखी समस्याएं खासतौर पर शुमार की जाती हैं। इसके अलावा माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, सिर की चोट, निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर), उच्च रक्तचाप, दिल की धड़कन का अनियमित होना, कम रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया) आदि समस्याएं वर्टिगो का कारण बन सकती हैं।

वर्टिगो के कारण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) होना भी वर्टिगो का कारण बन सकता है। इसी तरह बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप वर्टिगो का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के लिए टेस्ट

**वेस्टिबुलर टेस्ट बैटरीः** इस जांच से यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि मरीज के लक्षण आंतरिक कान की समस्या या मस्तिष्क की समस्या से संबंधित हैं या नहीं।

**इमेजिंग परीक्षणः** इसके अंतर्गत सीटी स्कैन और एमआरआई जांचें कराई जाती हैं।

## उपचार की विधियां

वर्टिगो का उपचार लक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न मरीजों को किन कारणों से चक्कर आ रहे हैं, उनका पता लगाकर मरीज के बुनियादी रोग का इलाज किया जाता है। मरीज अगर कान के आंतरिक भाग की समस्या से पीड़ित है, तो उसका इलाज किया जाता है। यदि उसे किसी संक्रमण, माइग्रेन या अन्य स्थिति के कारण चक्कर आ रहा है, तो उसका उपचार किया जाता है।

**दवाएंः** चक्कर आना, जी मिचलाना या उल्टी होने की स्थिति में डॉक्टर के परामर्श से दवाएं ली जा सकती हैं। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुरूप एंटीवर्टीजिनस ड्रग्स का परामर्श देते हैं। डॉक्टर के परामर्श के बगैर ओवर द काउंटर दवाएं कभी भी नहीं लें।



**कैनालिथ रिपोजिशनिंग प्रक्रियाः** इसे 'इप्ले मैन्युवर' के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक कान में कैनालिथ (कैल्शियम क्रिस्टल) को पुनः स्थापित करने के लिए व्यायाम कराए जाते हैं। 'इप्ले मैन्युवर' की सफलता दर अत्यंत संतोषजनक है, जो वर्टिगो से राहत दिलाने में मददगार है।

**सर्जरीः** यदि उपचार की अन्य विधियां वर्टिगो से राहत दिलाने में विफल रहती हैं, तो ऐसे मामलों में सर्जरी का सहारा लिया जाता है। जैसे अगर ब्रेन ट्यूमर या सिर में चोट लगने के कारण वर्टिगो की समस्या है, तो इस स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।

**विशेष व्यायामः** शारीरिक संतुलन से संबंधित विशेष व्यायाम आपके मस्तिष्क को असंतुलन से निपटने में मदद करते हैं। कुछ एक्सरसाइज शरीर का संतुलन बनाने में सहायक हैं। डॉक्टर के परामर्श से ऐसे व्यायाम करवाए जाते हैं।

## जटिलताओं से बचे रहें

वर्टिगो की समस्या अचानक गिरने जैसी जटिलताओं को उत्पन्न कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप मरीजों, खासकर बुजुर्गों में हड्डी टूटने (बोन फ्रैक्चर) या फिर चोट लगने का खतरा कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए वर्टिगो से ग्रस्त मरीजों को वाहन चलाने से बचना चाहिए। उन्हें तैराकी भी नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को वॉशरूम या बाथरूम का दरवाजा भीतर से बंद नहीं करना चाहिए। वस्तुतः वर्टिगो की समस्या के प्रति सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसी समस्या नहीं है, जिसका पूरी तरह इलाज न हो। समय रहते न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने पर वर्टिगो की जटिलताओं से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### ऐसा करने से मिलेगी राहत

- चक्कर आते ही बैठ जाना।
- सहारे के लिए तकिए पर सिर ऊंचा करके सोना।
- वर्टिगो का एहसास होने पर अंधेरी जगह में लेट जाना या लाइट बंद कर देना।
- पर्याप्त मात्रा में नींद लेना।
- तनाव का प्रबंधन करना, जिससे वर्टिगो के लक्षण भी कम हो सकते हैं।
- अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना यानी पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थ पीना।
- शराब के सेवन से चक्कर आना, संतुलन की कमी और मतली की समस्या और भी बदतर हो सकती है। इसलिए इससे दूर रहना बेहतर है।



अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

अचानक किसी को चोट लग जाए, किसी को हार्ट अटैक पड़ जाए या फिर कोई बेहोश हो जाए तो ऐसी इमरजेंसी में उसे फर्स्ट एड की सख्त जरूरत होती है। ऐसी कंडीशन में फर्स्ट एड पेशेंट की जान भी बचा सकती है। वर्ल्ड फर्स्ट एड डे (13 सितंबर) के अवसर पर हम दे रहे हैं, इससे जुड़ी जानकारी।

# हर किसी के लिए जरूरी फर्स्ट एड की जानकारी




आपको शायद ज्ञात न हो कि अगर किसी व्यक्ति की किसी भी वजह से धमनी कट जाए और खून तेजी से निकलने लगे, तो 5 से 10 मिनट के भीतर उसकी मौत हो सकती है और इतनी जल्दी तो अमूमन कोई डॉक्टरी सुविधा उपलब्ध हो नहीं सकती। इसलिए ऐसे मौके पर इंसान की जान बचाने के काम स्वास्थ्य की प्राथमिक जानकारी यानी फर्स्ट एड की समझ ही काम आती है। फर्स्ट एड के तहत ऐसे किसी की धमनी के कट जाने पर दबाव डालकर तुरंत खून रोका जाता है और तब तक कटी हुई जगह को दबाव के साथ पकड़े रखा जाता है, जब तक कि उसमें कोई कपड़ा आदि न बांध दिया जाए ताकि पीड़ित व्यक्ति की जान बच जाए। यही नहीं आंकड़े बताते हैं कि हर साल 12 से 14 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इन लोगों को मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य यानी फर्स्ट एड हासिल हो जाए तो इनमें से 3 से 4 लाख लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इन दो उदाहरणों से स्पष्ट है कि फर्स्ट एड भले चिकित्सा न हो, लेकिन चिकित्सा के पहले यह दी गई प्राथमिक चिकित्सा इतनी महत्वपूर्ण होती है कि हर साल इसके चलते जहां लाखों लोगों को मौत के मुंह में समाने से बचाया जाता है, वहीं लाखों लोगों को इसके अभाव के चलते मौत के मुंह में चले जाने से नहीं बचाया जा पाता है।

## बहुत इंपॉर्टेंट है फर्स्ट एड

यहां दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया में इंसानी स्वास्थ्य के लिए प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड का कितना महत्व है? इसके इसी महत्व को ध्यान में रखकर हर साल सितंबर माह के दूसरे शनिवार को इंटरनेशनल फर्स्ट एड डे मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि दुनिया के हर व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य की जानकारी होना चाहिए, जिससे हर साल न सिर्फ लाखों लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराकर मरने से बचाया जा सके बल्कि इस ज्ञान के जरिए लोगों के जीवन को ज्यादा स्वस्थ और ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है।

कई लोग मानते हैं या उन्हें भ्रम होता है कि प्राथमिक चिकित्सा या फर्स्ट एड डॉक्टरों और नर्सों के द्वारा किया जाता है। डॉक्टर और नर्स तो चिकित्सा उपचार के बारे में जानते ही हैं। इसलिए प्राथमिक उपचार के छोटे-मोटे काम उनके पास गए बिना भी कर सकते हैं। प्राथमिक उपचार की समझ या जानकारी तो आम लोगों के लिए होती है कि जब अचानक कोई हेल्थ इमरजेंसी आ जाए और हमारे आस-पास स्वास्थ्य देखरेख की सुविधा न हो तो जब तक हम ऐसी जगह पर पहुंचें, जहां चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो, उसके पहले चिकित्सा सुविधा वाली जगह तक सुरक्षित पहुंच जाने के लिए प्राथमिक उपचार का महत्व होता है और इसका व्यापक संदर्भों में समाज को तब फायदा मिलता है, जब हर व्यक्ति को प्राथमिक उपचार की समझ हो और किसी दुर्घटना के समय वह प्राथमिक जानकारी काम आए। खुद की या किसी दूसरे की इस जानकारी की बदौलत जान बचाई जाए। क्योंकि दुर्घटना जिंदगी के किसी भी पल, किसी भी जगह हो सकती है। घर में, स्कूल में, सड़क में, कार्यस्थल में या किसी मंच सभागार में कहीं भी अचानक हेल्थ इमरजेंसी किसी को भी हो सकती है।

## कभी भी आ सकती है हेल्थ इमरजेंसी



रोजमर्रा की जिंदगी में गिरना, जलना, दम घुटना, सड़क दुर्घटना, अचानक स्ट्रोक या हार्ट अटैक जैसी घटनाएं इतनी अचानक घटती हैं कि अगर तुरंत प्राथमिक चिकित्सा न मिले तो कई बार देखते ही देखते लोग दम तोड़ देते हैं। फर्स्ट एड भले मामूली प्राथमिक चिकित्सा हो, लेकिन किसी व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से पहले यह इतनी कीमती और महत्वपूर्ण चिकित्सा होती है कि अस्पताल तक पहुंचने के पहले गंभीर से गंभीर स्थिति में भी जान बचाने के चांस होते हैं। अगर हम सीपीआर देना, बहते खून को रोकना, बेहोश व्यक्ति को रिकवरी पोजीशन में रखना जैसी मूलभूत चिकित्सा संबंधी जानकारियां हासिल कर लें और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के चिकित्सक तक पहुंचने के पहले अगर उसे दे दी जाएं, तो उसकी तत्काल मौत पर विराम लग जाएगा। कई बार घरों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं ही होती हैं, उस समय यदि कोई हेल्थ इमरजेंसी आ जाए तो फर्स्ट एड की इतनी समझ हमें होनी चाहिए कि डॉक्टर के पास तक पहुंचते-पहुंचते उस इमरजेंसी को टाला जा सके। जब हमारे घर या दफ्तर में किसी सहयोगी को अचानक चोट लग जाती है तो इर्द-गिर्द मौजूद ज्यादातर लोग एकदम से घबरा जाते हैं। क्योंकि ज्यादातर लोगों को फर्स्ट एड का ध्यान नहीं आता और ध्यान आ भी जाए तो ज्यादातर लोगों को इसका अभ्यास नहीं होता।

## बचा सकते हैं किसी की जान

किसी दुर्घटना के समय खतरे की आशंकाएं काफी ज्यादा बढ़ जाती है। रोजमर्रा के जीवन में हम कई बार ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद होते हैं, जहां अचानक हम या कोई और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी में आ जाता है। ऐसे पलों में जान बचने की गारंटी तभी होती है, जब मौके पर तुरंत प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए। कई बार प्राथमिक चिकित्सा सिर्फ किसी को इंजेक्शन देना या दवा खा लेना भर नहीं होता बल्कि घायल व्यक्ति को कई बार मनोवैज्ञानिक रूप से दी गई यह दिलासा भी महत्वपूर्ण होती है कि आपको कुछ नहीं होगा। ऐसे भावनात्मक सहारे भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के समय काम आते हैं। अगर हर व्यक्ति बेसिक फर्स्ट एड की जानकारी ले ले, तो हर साल लाखों लोगों को आकस्मिक मौत से तो बचाया ही जा सकता है, बहुत बड़ी धनराशि भी बर्बाद होने से बचाई जा सकती है। फर्स्ट एड की अच्छी जानकारी होने से हम अपना या दूसरों का जीवन तो बचा ही सकते हैं, इस जानकारी की बदौलत अपने जीवन की स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता को भी इसके जरिए बचाया रखा जाता है। *

डाइट एडवाइस

राजकुमार 'दिनकर'

अगर आप नॉनवेजिटेरियन हैं तो शरीर की डेली प्रोटीन की जरूरत को पूरा करने के लिए अंडे का सेवन कारगर है। इसमें प्रोटीन के अलावा भी कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो आपको हेल्दी रखने में हेल्पफुल होते हैं। अंडे खाने के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानिए।

# डेली डाइट में लें अंडा मिलेगा पर्याप्त प्रोटीन



अंडों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। अंडा हमें उत्तम श्रेणी के प्रोटीन ही उपलब्ध नहीं कराता बल्कि इसमें 11 प्रकार के विटामिन, खनिज लवण, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। अपनी इन तमाम खूबियों के कारण ही अंडे को सुपर फूड माना जाता है। हमें अपनी डेली डाइट में इसे क्यों शामिल करना चाहिए और हमारे स्वास्थ्य को इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए जान लेते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** अंडे में विटामिन ए, डी, ई, के, बी5, बी12, बी6, फोलेट, फॉस्फोरस, सिलेनियम, जिंक जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाते हैं। त्वचा और मस्तिष्क की सेहत सुधारते हैं। अपनी इतनी सारी खूबियों के कारण उन्हें नेचुरल मल्टीविटामिन भी कहा जाता है। इनसे इतर एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन और 5 ग्राम स्वस्थ वसा होती है, जो अंडे को पोषक तत्वों का पावर हाउस साबित करती है।

**लंबे समय तक भूख नहीं लगतीः** अंडे में चूंकि प्रोटीन और वसा मौजूद होती है, इसलिए इसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह सुबह के नाश्ते में खाए जाने योग्य कंप्लीट डाइट है। ये सुपाच्य और स्वादिष्ट भी होते हैं। इसलिए यदि आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो प्रतिदिन अपनी डाइट में इन्हें जरूर शामिल करें। किसी भी रूप में चाहे उबले अंडे या ऑमलेट में नाश्ते के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है, जिसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे अनहेल्दी स्नैक्स या स्ट्रीट फूड्स खाने से बचे रहते हैं।

**नजरों के लिए लाभकारीः** हमारी आज की कार्यशैली इस प्रकार की हो गई है कि हमें दिनभर लैपटॉप, मोबाइल फोन, टेलीविजन जैसे गैजेट्स के साथ काम करना पड़ता है, जिनकी वजह से हमारी आंखों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। अंडे के पीले भाग में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैंथिन ऐसे कई एंटीऑक्सीडेंट्स हैं, जो ग्लूकोमा और सफेद मोतिया से बचाते हैं। विटामिन ए और ओमेगा-3 फैटी एसिड आंखों की मांसपेशियों को मजबूती देते हैं।

**दिल की सेहत करे अच्छीः** अंडों में पाया जाने वाला ओमेगा-3, कोलिन जैसे पोषक तत्व हमारी आंखों, मस्तिष्क, हृदय और तंत्रिका तंत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं और यह हमारे दिल की सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं।

**स्किन और बालों के लिए फायदेमंदः** अंडों में मौजूद ल्यूटिन और प्रोटीन त्वचा की नमी को बनाए रखता है, जिससे त्वचा चमकदार और जवां दिखती है। यही बालों को भी घना और स्वस्थ बनाते हैं। अंडे की जर्दी में स्वस्थ वसा होती है, जो बालों को पोषण देती है और बालों की नमी बनाकर रखती हैं, जिससे बाल मजबूत होते हैं और हेयर फॉलिंग भी कम होती है।

**डायबिटिक रोगियों के लिए यूजफुलः** अंडे में कार्बोहाइड्रेट कम होता है, इसलिए यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका ग्लूकोज या इंसुलिन के स्तर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। एक अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन होता है। यह वजन कंट्रोल रखने, ब्लड प्रेशर कम करने, मांसपेशियों के निर्माण और हड्डियों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। चूंकि इनको खाने के बाद भूख कम लगती है। इससे वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य को भी बेहतर करते हैं और मस्तिष्क की मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। दरअसल, एक छोटे से अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन और दूसरे कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी मांसपेशियों की सबसे बड़ी जरूरत होते हैं और उन्हें भरपूर मजबूती प्रदान करते हैं। *

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रोहतक।** स्पेशल ओलम्पिक भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता श्रीगंगानगर में 1 से 6 सितंबर तक संपन्न हुई। इसमें संस्थान के दिव्यांग खिलाड़ी लोकेश, कुनाल, संजीव व यूनिफाइड पार्टनर के रूप में अरुण व रोहित ने हिस्सा लिया। टीम ने उत्तराखंड को 4-2 गोल से हराकर कांस्य पदक जीता। संस्थान पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. एडी पासवान ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**रोहतक।** राजकीय महिला कालेज लाखन माजरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत भाषण प्रोग्राम ऑफिसर यूनिट-1 डॉ. मनीष बेदी ने प्रस्तुत किया। विशेष आकर्षण के रूप में प्रेरणा वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

### गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाएं करेंगी सहयोग

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में बुधवार को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक रहे। कॉलेज प्राचार्य एवं गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने स्वागत किया।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला

**रोहतक।** मदवि के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर बीए वारियर, नॉट ए वर्रिएर विषय पर युवा जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि आत्महत्या के पीछे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं। कार्यशाला निदेशक प्रो. अंजलि मलिक ने स्वागत भाषण दिया।

# 14 सितंबर को सैनी एजुकेशन सोसाइटी का 75वां स्थापना वर्ष समारोह

## बतौर मुख्य अतिथि, सीएम नायब सिंह सैनी ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन के भवन का लोकार्पण करेंगे

### सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन की आधारशिला भी रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 14 सितंबर 2025 रविवार को प्लेटिनम जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे।

यह जानकारी सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बुधवार को सोसाईटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 14 सितंबर को होने वाले इस समारोह में सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का लोकार्पण किया जाएगा। सोसाइटी प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बताया कि समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, डॉ अरविंद शर्मा, रणबीर सिंह गंगवा व कृष्ण कुमार बेदी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, तिजारा से विधायक महंत बालकनाथ, राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, एशियन कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी, महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी, महामंडलेश्वर बाबा कर्ण पुरी, महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद, बाबा कालिदास , एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य, पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.के. अग्रवाल, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बताया कि समारोह के भव्य आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है और कार्यक्रम की तैयारियां जोरों-शोरों से की जा रही हैं। यह कार्यक्रम सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में प्रातः 09.30 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्मित भवन के लिए आर्थिक योगदान देने वाले दानी सज्जनों को तथा शिक्षा व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी व अन्य पदाधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान एजुकेशन सोसाइटी के उप-प्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार सैनी, सह-सचिव रविन्द्र कुमार सैनी, कैशियर नफे सिंह सैनी एवं सैनी (सह-शिक्षा) कॉलेज व सैनी इंस्टीटयूट ऑफ गर्ल्ज एजुकेशन के प्रधान धर्म सिंह दहिया, उप-प्रधान देवेंद्र सैनी एड़वोकेट, महासचिव प्रदीप सैनी एड़वोकेट, कैशियर विपिन सैनी एड़वोकेट, महासचिव डॉ. राजेश सैनी, कैशियर अमित सैनी, मैनेजर श्याम कटारिया, चेयरमैन स्पोर्ट्स कमेटी राजेश सैनी, जगदीश सैनी, नरेंद्र सैनी एड़वोकेट, प्रवीण सैनी, राम प्रकाश सैनी, हेडमास्टर ईश्वर सैनी, सुनील सैनी, अमित सैनी आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम सदन की बैठक आज : समस्याओं का अंबार लेकर पहुंचेगे पार्षद

# दूषित पानी, सीवर ओवरफ्लो, सफाईकर्मियों की कमी और अतिक्रमण पर छिड़ेगी बहस

### विकास कार्यों को लेकर हो सकता है हंगामा सफाई पर खुश नहीं हैं अधिकतर पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा गुरुवार को सदन की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर पहुंचेंगे। बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मिकी करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इसमें गली-नालों से लेकर सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण सहित पेयजल संकट तक के मुद्दों पर जोरदार चर्चा होगी।

निगम क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जनसमस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। विभिन्न इलाकों में कहीं दूषित पेयजल की समस्या है, तो कहीं पानी ही नहीं आता।

कई वार्डों में सीवर ओवरफ्लो ने लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है, वहीं सफाईकर्मियों की भारी कमी से गंदगी का अंबार लग रहा है। नालों की सफाई समय पर न होने से जलभराव की स्थिति बनती है। इन सब मुद्दों के चलते मकानों में दरार तक आने लगी हैं। कई पार्षद सफाई से खुश नहीं हैं। ऐसे में यह मीटिंग हंगामेदार होने की पूरी सम्भावनाएं हैं।

#### निगम के लिए बड़ी परीक्षा




गुरुवार की बैठक नगर निगम प्रशासन के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं होगी। एक तरफ पार्षद अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं जोरशोर से उठाएंगे, वहीं दूसरी ओर निगम अधिकारियों को उनके समाधान की दिशा में जवाब देना होगा। अगर बैठक में ठोस निर्णय लिए जाते हैं तो इससे आमजन को राहत मिलेगी, अन्यथा यह बैठक केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

#### वार्डों की समस्याओं पर उठेंगी आवाजें

बैठक में वार्ड-10 की पार्षद मनीषा नांदल अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाएंगी। उनका कहना है कि उनके वार्ड का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है, लेकिन यहां सफाईकर्मी केवल 12 ही तैनात किए गए हैं। इतने बड़े क्षेत्र में इतनी कम संख्या से सफाई व्यवस्था दुरुस्त होना असंभव है। नतीजतन लोगों को रोजाना गंदगी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह बोहर गांव के लोग लंबे समय से सामुदायिक केंद्र की मांग कर रहे हैं। यह मुद्दा भी बैठक में गूंजेगा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कोई भी सामुदायिक केंद्र नहीं है, जबकि शादी, कार्यक्रम और सामाजिक आयोजनों के लिए जगह की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस होती है।

#### इस वार्ड में समस्याएं बनीं

वार्ड-6 की पार्षद नीरा भटनागर ने साफ कर दिया है कि वह अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और पार्कों के सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाएंगी। उनका कहना है कि जगह-जगह अतिक्रमण फैला हुआ है और लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। इसके अलावा पार्कों की दशा ठीक करने और चौराहों को सुंदर बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

#### वार्ड-7 में सीवर लीकेज से मकानों में ही दरारें आ चुकी

वार्ड-7 से पार्षद कपिल नागपाल ने कहा है कि उनके क्षेत्र में हालात बेहद गंभीर हैं। कहीं दूषित पेयजल सप्लाई हो रही है, तो कहीं पानी आता ही नहीं। इसके अलावा सीवरेज पाइपलाइन लीकेज के कारण मकानों में दरारें तक आ गई हैं। नालों की सफाई न होने से जलभराव की समस्या और बढ़ रही है। नागपाल का कहना है कि इन समस्याओं पर निगम को तुरंत कार्रवाई करनी होगी।

#### स्थानीय लोगों की इस बैठक की उम्मीदें जुड़ी

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि बैठक में उठाए गए मुद्दों पर केवल चर्चा नहीं होगी, बल्कि ठोस समाधान भी सामने आएगा। लोग चाहते हैं कि निगम इन समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर कार्रवाई करे। क्योंकि लंबे समय से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

## खेल जगत

### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रिंस की फेंसिंग प्रतिस्पर्धा में बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसजीएफआई द्वारा फरीदाबाद में अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र प्रिंस ने राज्य स्तरीय फेंसिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने अद्वितीय प्रदर्शन द्वारा अपना, अभिभावकों का व विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र प्रिंस की फेंसिंग के प्रति सच्ची लगन, निष्ठा और मेहनत ने यह प्रमाणित कर दिया कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने प्रिंस को बधाई दी।



# श्री लाल नाथ हिन्दू कालेज में एनसीसी प्रथम वर्ष की चयन प्रक्रिया सम्पन्न

- चयन प्रक्रिया में 105 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक में एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता रही। भर्ती प्रक्रिया का आयोजन फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखविंदर सिंह और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट राजेश गहलावत ने जानकारी दी कि इस चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों के शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर मूल्यांकन किया गया।



#### सूबेदार विकास व हवलदार प्रदीप का विशेष योगदान रहा

कुल 105 छात्र-छात्राओं ने इस प्रक्रिया में भाग लिया। इनमें से जो विद्यार्थी मेरिट सूची में आएंगे, उनका चयन एनसीसी प्रथम वर्ष में किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में फर्स्ट हरियाणा बटालियन एनसीसी के सूबेदार विकास व हवलदार प्रदीप का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। महाविद्यालय अपने कैडेट्स को सकारात्मक और प्रेरक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और चयनित कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. हरदीप सिंह, एनसीसी कैडेट्स गौरव, मनजीत, रोहित, नवीन, हिमांशु, रूद्राक्षी और खुशबू ने सक्रिय सहयोग दिया।

# 22 को महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी



- महाराजा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट एवं महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर झज्जर रोड स्थित वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अग्रवाल समाज के बड़ी संख्या में बंधु तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिलाओं की विशेष भागीदारी इस बैठक की खास बात रही। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन राजेश जैन ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

#### घर-घर जाकर दे रहे न्यौता

अग्रवाल समाज के लोग घर-घर जाकर समारोह का निमंत्रण दे रहे हैं। जयंती समारोह दो दिनों तक मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 21 सितंबर सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, सुबह 11:30 बजे भंडारा, शाम 4:30 बजे वैश्य महिला कॉलेज में 151 दंपतियों द्वारा हवन यज्ञ एवं भजन संध्या होगी। 22 सितंबर को सुबह एक ईंट एक रुपया चैक पर अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण, सांय 4:30 बजे महाराजा अग्रसेन मंदिर, मंडी गेट पर महाआरती, सांय 5:30 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ वैश्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झज्जर रोड से होगा।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में कार्यशाला

# स्वयं को तैयार करने और प्रभावी नीतियों को अपनाने की जरूरत

- कार्यक्रम के अंत में मुख्य प्रवक्ता को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया वर्ल्ड कैंपस में ब्रिटनिका एजुकेशन द्वारा विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता का पोषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रवक्ता मिस मोनिका कपूर, पूर्व ज्वाइंट सेक्रेटरी सीबीएसई, संस्थापक और सीईओ स्किल शेयर इंडिया रहीं। स्किल शयर इंडिया एक ऐसा संगठन है जो 21वीं सदी के कौशल और सामाजिक विज्ञान शिक्षा को सक्षम कर 'थिंकिंग स्किल्स प्रदान करने के लिए समर्पित है। मिस मोनिका कपूर को उनके कार्यों के लिए 'शिक्षा भारती पुरस्कार' नेतृत्व, उत्कृष्टता पुरस्कार, 2018 जैसे अनेक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा चुका है। अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के लिए हमें स्वयं को तैयार करने और प्रभावी नीतियों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान युग में नए दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। प्रधानाचार्या तनवी पठानिया ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली हमें समस्याओं का विश्लेषण आलोचनात्मक दृष्टिकोण से करने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य प्रवक्ता को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रबंधक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व सुनीता मोर तथा मुख्य अध्यापिका सुमन राठी मौजूद रहे।

## आश्रम परोपकार व प्रगति के पथ पर




**रोहतक।** चौधरी लाखीराम आर्य जगन्नाथ परिसर में दो इकाइयां संचालित हैं। समस्त हरियाणा में यही दो आश्रम ऐसे हैं, जो एक ही परिसर में जगन्नाथ आश्रम एवं दत्तक ग्रहण एजेंसी दोनों का संचालन कर रहे हैं। आश्रम द्वार बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति तथा प्रशासन के निर्देशानुसार "परी अडॉप्शन प्रक्रिया" की शुरुआत की गई। बालक की पहचान गुप्त रखी जाती है। वैदिक रीति से यज्ञ कर दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया आश्रम में प्रारंभ की गई। मौके पर संस्था के प्रधान व मंत्री युवराज सिंह, सुभाष सांगवान, रविंदर सिंह, हवा सिंह राठी, राजरूप राठी, दत्तक ग्रहण एजेंसी का स्टाफ तथा दोनों आश्रमों के मैनेजर संदीप सिंह उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## एमडीयू में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने संगोष्ठी को किया संबोधित

# एक साथ चुनाव होना राष्ट्र हित में, देश का पैसा भी बचेगा और अनमोल समय भी : बड़ौली

### मुहिम को सफल बनाने में युवा निर्णायक भूमिका निभाएं

- बड़ौली ने कांग्रेस पर कसा तंज कांग्रेस को अपने नेताओं को वोट डालने की ट्रेनिंग देनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित गोष्ठी में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि एक साथ चुनाव होना राष्ट्र हित में है। पूरे देश में चुनाव एक समय पर कराने से चुनाव में कई गुणा खर्च कम होगा और विकास के कार्य तेज गति से होंगे।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति जब किसी मिशन में आगे आती है तो निश्चित रूप से बदलाव आता है। युवाओं का आह्वान करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बार-बार चुनाव होने की इस बड़ी बाधा को हटाने में युवाओं को निर्णायक और अग्रणी भूमिका निभानी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बार-बार चुनाव से सरकारी मशीनरी पर दबाव बढ़ता है और आम लोगों को परेशानी होती है तथा देश के संसाधनों के साथ-साथ राष्ट्र का अमूल्य समय व धन की बर्बादी होती है। बार-बार चुनावी प्रक्रिया से शासन प्रशासन नीतिगत निर्णय तक नहीं ले पाते जिससे विकास की गति धीमी पड़ जाती है। प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी हितों को पीछे छोड़कर देश हित में एक राष्ट्र, एक चुनाव की मुहिम को आगे बढ़ाया है।

भाजपा की नीति देश पहले, पार्टी बाद की रही है। उन्होंने कहा कि युवा वन नेशन वन इलेक्शन के महत्व को समझे और दूसरे लोगों को भी जागरूक करें। गोष्ठी में सीता राम व्यास ने पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन सन्नी नारा प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा ने किया। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। मंच संचालन सुश्री प्रसन्नता चावरिया प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा ने किया। इस मौके पर लॉ डिपॉर्टमेंट के विद्यार्थी मौजूद रहे।




**रोहतक।** एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली।

- मंच संचालन सुश्री प्रसन्नता चावरिया प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा ने किया
- लॉ डिपॉर्टमेंट के विद्यार्थी भी मौजूद रहे

#### *कांग्रेस ने संगठन परिवारवाद, भाई भतीजावाद के दम पर बनाया*

*संगोष्ठी के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में अगर किसी को वोट डालनी नहीं आए तो उसमें हम क्या करें। कांग्रेस को पहले अपने लोगों को ट्रेनिंग देनी चाहिए थी। एक सवाल पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार बाढ़ से पीड़ित पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर राज्य की सहायता कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों राज्यों को 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी दी है। कांग्रेस को आरोप लगाने से पहले देखना चाहिए जहां उनकी सरकारें हैं वे आपदा के दौरान क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे हैं।*